# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

19 अक्टूबर 2023, गुरुवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और कोंडागांव में आयोजित परिवर्तन संकल्प महासभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**इस बार देश में जहां एक दिवाली मनेगी, छत्तीसगढ़ के लोग अपने राज्य में तीन दिवाली मनाएंगे। पहली तो दिवाली के त्योहार पर मनाई जाएगी। दूसरी 3 दिसंबर को मनाई जायेगी जब छत्तीसगढ़ चुनावी नतीजों में कमल की सरकार बनेगी और तीसरी जब जनवरी में श्री राम जन्मभूमि में अयोद्धा में मंदिर बनेगा, तब प्रभु श्रीराम के ननिहाल में मनाई जाएगी।**

*******************

**छत्तीसगढ़ की जनता ने नक्सलवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस की सरकार के बजाय नक्सलवाद को समाप्त करने वाली और विकास को घर-घर तक पहुंचाने वाली भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है।**

*******************

**कांग्रेस का मतलब घोटाले ही घोटाले, भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराब बेचने की दुकानें खुलवाई और इसमें 2000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ, कोयले के परिवहन में 540 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ, गरीबों के अनाज में 5000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ और गोठान में 1300 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ।**

*******************

**मैंने तो बहुत घोटालों के बारे में सुना है, लेकिन गाय के गोबर में कोई (भूपेश बघेल) 1300 करोड़ खा जाये ऐसा आदमी मैंने पहले कहीं नहीं देखा। बघेल सरकार का सिर्फ एक काम किया है, कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनकर गरीब आदिवासियों का पैसा कांग्रेस के दिल्ली दरबार में पहुँचाना।**

*******************

**बघेल सरकार ने 266 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातीय सीटों पर इस तरीके से नियुक्ति की कि हताश-निराश युवा निर्वस्त्र होकर रैली निकालने पर मजबूर हो गए। जिस राज्य में युवा निर्वस्त्र होकर रैली निकालने पे उतारू हो जाएं वहां की सरकार को शर्म आनी चाहिए।**

*******************

**मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में, नक्सली घटनाओं में 52%, इसके कारण हुई मौतों में 70% और नक्सल मुठभेड़ में आम नागरिकों की मृत्यु में लगभग 68% और नक्सल प्रभावी जिलों की पुलिस चौकी व थानों में 62% हिंसक घटनाओं की कमी देखने को मिली है।**

*******************

**बघेल सरकार सिर्फ झूठ बोलने वाली सरकार है। कांग्रेस ने जनता से बिजली बिल आधा करने, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने, प्रॉपर्टी टैक्स 50% कम करने, 50 हजार ट्राइबल शिक्षकों की भर्ती करने, आदिवासी परिवार**

**को मुफ्त गैस सिलिंडर देने, महिलाओं को महतारी सम्मान योजना के तहत 500 रुपए की मासिक सहायता देने और भूमिहीन परिवारों को घर देने का वादा किया था लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया।**

******************

**कांग्रेस झूठ फैला रही है कि नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण होगा। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि कोई निजीकरण नहीं होना है, इस पर अधिकार मेरे आदिवासी भाइयों-बहनों का है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने खुद जगदलपुर की सभा में इसे स्पष्ट कर दिया है।**

******************

**भूपेश बघेल सरकार में 600 करोड़ रुपये का बीडीएस घोटाला, 5000 करोड़ रुपये का महादेव एप घोटाला हुआ।**

******************

**केंद्र में जब 10 वर्ष तक कांग्रेस का राज था, तब देशभर के आदिवासी कल्याण हेतु एसटी कंपोनेन्ट में कुल मिलाकर 29,000 करोड़ रुपये आवंटित किये जाते थे, लेकिन मोदी सरकार ने यह राशि बढ़ाकर 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपये कर दी है।**

******************

**कांग्रेस के जमाने में केवल 90 एकलव्य विद्यालय थे, मोदी जी के अथक प्रयासों के बाद से अब एकलव्य विद्यालयों की संख्या 740 हो गई। मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनीरेल फंड की रचना कर, अब तक 9 साल में, 75000 करोड़ रुपए आदिवासी जिलों के विकास के लिए दिए हैं।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने आज गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और कोंडागांव में आयोजित विशाल परिवर्तन संकल्प महासम्मेलन रैलियों को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

श्री शाह ने जनता में उत्साह भरते हुए कहा कि **इस बार देश में जहां एक दिवाली मानेगी, छत्तीसगढ़ के लोग अपने राज्य में तीन दिवाली मनाएंगे। पहली तो दिवाली के त्योहार पर मनाई जाएगी। दूसरी 3 दिसंबर को मनाई जायेगी जब छत्तीसगढ़ चुनावी नतीजों में कमल की सरकार बनेगी और तीसरी जब जनवरी में श्री राम जन्मभूमि में अयोद्धा में मंदिर बनेगा, तब प्रभु श्रीराम के ननिहाल में मनाई जाएगी।** उन्होंने कहा कि आज जगदलपुर में वे यहाँ के भाजपा प्रत्याशियों को जीतने का संकल्प दिलाने आयें हैं। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशी श्री किरण सिंह देव, श्री विनायक गोयल और श्री मनीराम कश्यप का परिचय करवाकर, आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए सभा में उपस्थित लोगों से आशीर्वाद मांगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासियों के सम्मान के लिए ढेर सारे काम किये। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ-साथ उन्होंने हमारे आदिवासी भाई-बहनों को सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास देने का काम भी किया है। **केंद्र में जब 10 वर्ष तक कांग्रेस का राज था, तब देशभर के आदिवासी कल्याण हेतु एसटी कंपोनेन्ट में कुल मिलाकर 29,000 करोड़ रुपये आवंटित किये जाते थे, लेकिन मोदी सरकार ने यह राशि बढ़ाकर 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। कांग्रेस के जमाने में केवल 90 एकलव्य विद्यालय थे, मोदी जी के अथक प्रयासों के बाद से अब एकलव्य विद्यालयों की संख्या 740 हो गई।** इन विद्यालयों के लिए लगभग 40 हजार शिक्षकों की भर्ती भी मोदी जी करवा रहे है।

श्री शाह ने कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में आदिवासी समाज की जमीनें खोदकर जो खनिज निकले जाते थे, उसका एक पैसा भी आदिवासी कल्याण के लिए नहीं जाता था लेकिन **मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनीरेल फंड की रचना कर, अब तक 9 साल में, 75000 करोड़ रुपए आदिवासी जिलों के विकास के लिए दिए हैं।** इस फंड से पीने का पानी, प्राथमिक शिक्षा,

गौशाला का विकास, घर-घर में बिजली पहुंचाना जैसे आदि काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किये गए हैं। 2047 तक भारत का एक भी आदिवासी भाई-बहन सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित न हो, इसके लिए अनेक विदेशी डॉक्टरों के साथ मिलकर श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक मिशन शुरू किया है। आदिवासी तहसीलों को विकसित करन का काम भी भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जगदलपुर की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र एक जमाने में घनघोर नक्सली क्षेत्र माना जाता था लेकिन यह समस्या अब धीरे- धीरे खत्म होने की कगार पर है। उन्होंने आगे जनता से आग्रह करते हुए कहा कि एक बार छत्तीसगढ़ में कमल की सरकार बना दीजिए, इस प्रदेश से हम पूर्ण रूप से नक्सल समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर देंगे। **मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में, नक्सली घटनाओं में 52%, इसके कारण हुई मौतों में 70% और नक्सल मुठभेड़ में आम नागरिकों की मृत्यु में लगभग 68% और नक्सल प्रभावी जिलों की पुलिस चौकी व थानों में 62% हिंसक घटनाओं की कमी देखने को मिली है।** उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि बस्तर, जगदलपुर आदि छत्तीसगढ़ या देश के किसी भी नक्सल प्रभावी क्षेत्र अगर मुठभेड़ में पुलिसवाला भी मरता है, तो वो आदिवासी होता है, नक्सली मरता है तो वो भी आदिवासी होता है और नागरिक मरता है तो वो भी आदिवासी ही मरता है, उनको बचाना हमारा संकल्प होना चाहिए। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने 9 साल के कार्यकाल में नक्सल प्रभावी क्षेत्रों के लिए मार्गों का विकास, एकलव्य विद्यालय, अस्पताल, शौचालय आदि बनवाए। माताओं को गैस सिलिंडर देने के साथ-साथ 5 किलो चावल भी निशुल्क दिया गया। हर एक घर में, हर एक व्यक्ति को, हर महीने, 5 किलो चावल मिले, ऐसी व्यवस्था भाजपा ने आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में की है।**

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर घोटालों का आरोप मढ़ते हुए श्री शाह ने बताया कि **भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराब बेचने की दुकानें खुलवाई और 2000 करोड़ का घोटाला किया, कोयले के परिवहन में 540 करोड़ का घोटाला किया, गरीबों के अनाज में 5000 करोड़ का घोटाला हुआ और गोठान में 1300 करोड़ का घोटाला किया। बघेल सरकार की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने तो बहुत घोटालों के बारे में सुना है, लेकिन गाय के गोबर में कोई (भूपेश बघेल) 1300 करोड़ खा जाये, ऐसा आदमी मैंने पहले कहीं नहीं देखा। भूपेश बघेल सरकार में 600 करोड़ रुपये का बीडीएस घोटाला, 5000 करोड़ रुपये का महादेव एप घोटाला हुआ। कांग्रेस सरकार ने 266 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातीय सीटों पर इस तरीके से नियुक्ति की कि हताश-निराश युवा निर्वस्त्र होकर रैली निकालने पर मजबूर हो गए। जिस राज्य में युवा निर्वस्त्र होकर रैली निकालने पे उतारू हो जाएं वहां की सरकार को शर्म आनी चाहिए।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में जनता से वादा किया था कि वह बिजली का बिल आधा करेगी, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देगी, प्रॉपर्टी टैक्स 50% कम करेगी, 50 हजार ट्राइबल शिक्षकों की भर्ती करेगी, आदिवासी परिवार की प्रत्येक महिला को मुफ्त गैस का सिलिंडर देगी, प्रत्येक महिला को महतारी सम्मान योजना के तहत 500 रुपए की मासिक सहायता देगी और भूमिहीन परिवारों को घर देगी लेकिन कांग्रेस ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया।** रमन सिंह जी की सरकार ने दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की की थी, जनता को तेंदूपत्ता का उचित मूल्य दिया, गरीब आदिवासी बहनों को चरण पादुकाएं दी, इसके साथ ही तत्कालीन भाजपा सरकार ने पहली बार पीडीएस के माध्यम से छत्तीसगढ़ वासियों को राशन मुहैया कराया और प्रदेश में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को रोकने का सफल कार्य किया।

श्री शाह जी ने कहा कि आप एक बार फिर से बीजेपी की सरकार बनाओ, और जो आदिवासी समाज के हितों का हजारों करोड़ रुपया घोटाले में खा गए हैं, उनके उलट लटकाकर सीधा करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने धनुहार, धनुवार, किसान, सौरा, बिंझिया, भूयान और पंडों समुदाय को भी अनुसूचित जनजाति में लाकर वर्षों की मांग पूरी कर, उनके समाज 3 के साथ न्याय करने का काम किया है। **भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने का काम किया और भगवान बिरसा मुंडा को सदैव अमर करने का काम मोदी जी ने किया है।** आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के, जनजातियों के संग्रहालय बनाने का काम मोदी जी ने किया और आजादी के बाद पहली बार एक आदिवासी की बेटी, उड़ीसा के गरीब घर की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का सम्मान देने का काम बीजेपी ने किया। मिशन चंद्रयान का चाँद की सतह पर सफल

परीक्षण हो, या G-20 में भारत की दुनिया  दुनिया भर में वाह-वाही हुई, मगर सबसे उम्दा काम माताओं-बहनों के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण करने का भी मोदी जी ने किया। बघेल की झूठे वादों कि उल्लेखित करते हुए उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने प्रति वर्ष 4 मुफ़्त गैस सिलिन्डर देने की बात कहकर सरकार बनाई थी, प्रदेश की जनता को एक भी मुहैया नहीं हुआ, 50 हजार शिक्षकों के रिक्त पद की भर्ती नहीं हुई, संपत्ति कर 50 प्रतिशत कम नहीं किया, और इसके साथ-साथ बिजली का बिल आधा करने का वादे पर बिजली ही गुल कर दी। बघेल सरकार ने वादा खिलाफी कर पूरे बस्तर को अंधेरे में धकेल दिया है।

श्री अमित शाह ने भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुआ कहा कि उन्होंने **सिर्फ एक काम किया है, कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनकर गरीब आदिवासियों का पैसा कांग्रेस के दिल्ली दरबार में पहुँचाने का**। आदिवासी युवाओं, माताओं और बहनों के पैसे भ्रष्टाचार करके दिल्ली पहुंचाए, आप ऐसी सरकार को वोट दे सकते हैं क्या? जब हम सरकार में थे हम पीडीएस लेकर आए, तेंदूपत्ता का बोनस शुरू किया, चवाल खरीदना शुरू किया, बस्तर के क्षेत्र को खुशहाल बनाने का काम बीजेपी की रमन सिंह सरकार ने सरकार ने किया। **बघेल सरकार सिर्फ झूठ बोलने वाली सरकार है, अभी-अभी कहा कि नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण होगा, कोई निजीकरण नहीं होना है, इस पर अधिकार मेरे आदिवासी भाइयों-बहनों का है, मोदी जी ने खुद जगदलपुर की सभा में यह बात कहकर बहुत अच्छे ढंग से इसको स्पष्ट कर दिया है।**

श्री अमित शाह जी ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि बघेल सरकार ने स्वास्थ्य का भी बेड़ागर्ग कर दिया है, वन अधिकार पत्ता वितरण जो बीजेपी की सरकार में शुरू किया गया था वह पूरी तरह से स्थगित हो गया। तेंदूपत्ते की कीमत चार गुना बढ़ी मगर कांग्रेस ने दो साल में सिर्फ 23 लाख मानांक बोरा ही खरीदा है और इसके कारण आदिवासियों को बड़ी तकलीफ हुई है। श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने हाल ही में जगदलपुर आए थे और 27 हजार करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी, लेकिन अगर जनता ने फिर से बघेल सरकार को चुना तो सारा पैसा जो भारत सरकार आदिवासी समाज के कल्याण के लिए भेजेगी वह कांग्रेस के एटीएम (भूपेश बघेल) के माध्यम से दिल्ली दरबार में पहुँच जाएगा। आगे उन्होंने प्रदेश की जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनी तो 27 हजार करोड़ के इस प्रस्तावित राशि और 5-6 हजार करोड़ रुपये और जोड़कर बस्तर को सम्पूर्ण विकास की दिशा में आगे ले जाएगी।

श्री अमित शाह जी ने छत्तीसगढ़ की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि **श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 36 लाख किसानों को उनके खातों में हर साल 6000 रुपए सहायता के तौर पर दिए गए व 32 लाख गरीब लोगों को नल से जल देने का काम भी किया। मोदी सरकार ने लगभाग 2 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख तक की स्वास्थ मुफ़्त में देने, 30 लाख महिलाओं को शौचालय, 35 लाख महिलाओं को गैस सिलिंडर और 2 करोड़ लाभार्थियों को प्रति माह 5 किलो चावल निशुल्क** देने का काम भारतीय जनता पार्टी  की सरकार ने सुनिश्चित की है।

श्री अमित शाह जी ने जोर देते हुए कहा कि **आपके सामने दो विकल्प है**, **एक ओर नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस की सरकार, दूसरी ओर नक्सलवाद को समाप्त करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार। एक ओर करोड़ों गरीबों को गैस, शौचालय, पानी, स्वास्थ्य, अनाज, घर देने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार, दूसरी ओर करोड़ों रुपयों का भ्रष्टाचार करके दिल्ली दरबार में भेजने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार।**

*********************